**अव्यवस्था** — ओवरलोड वाहन, गांजा तस्करी और आपात सेवाओं की नाकामी ने खोली सिस्टम की पोल

# जागरूकता के दावे खोखले, यातायात व्यवस्था बदहाल

**जमुना कोतमा 10 जनवरी। जिले में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियानों के बड़े-बड़े दावों के बीच ज़मीनी हकीकत इससे ठीक उलट तस्वीर पेश कर रही है स्कूलों और ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में बच्चों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया जा रहा है, लेकिन वास्तविकता यह है कि जिले की सड़कें अव्यवस्था, अवैध गतिविधियों और लचर निगरानी का शिकार बनी हुई हैं।**

स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि नए यातायात प्रभारी विनोद दुबे को हाईवे चौकी प्रभारी फूनगा का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के बाद से यातायात नियंत्रण पूरी तरह कमजोर हो गया है। कहा जा रहा है कि एक ही अधिकारी के पास दो अहम जिम्मेदारियां होने से निगरानी प्रभावित हुई है, जिसका सीधा असर सड़क सुरक्षा पर पड़ रहा है।





### हाईवे बना ओवरलोड वाहनों का अड्डा

जिले के राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजमार्गों पर ओवरलोड वाहनों की खुलेआम आवाजाही जारी है। नियमों की अनदेखी करते हुए भारी वाहन बिना किसी रोक-टोक के दौड़ रहे हैं।

जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले जहां समय-समय पर जांच और कार्रवाई होती थी, अब वहां केवल औपचारिकता रह गई है।

### रामपुर खड़ा से गांजा तस्करी के आरोप

स्थिति यहीं तक सीमित नहीं है। आरोप हैं कि रामपुर खड़ा क्षेत्र से होकर गांजा तस्करी का नेटवर्क सक्रिय है। इसी का ज्वलंत उदाहरण हाल ही में जैतहरी में सामने आया, जहां एसटीएफ टीम ने लगभग 6 क्विंटल गांजा जब्त किया। यह घटना जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के बढ़ते खतरे की ओर इशारा करती है और यह सवाल खड़ा करती है कि आखिर इतनी बड़ी खेप हाईवे से कैसे गुजर गई।

### अमरकंटक की घटना ने झकझोरा

यातायात और आपात व्यवस्थाओं की बदहाली का एक और दर्दनाक उदाहरण अमरकंटक में देखने को मिला। जानकारी के अनुसार, एक युवक डिवाइडर से टकराने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गया और घंटों सड़क पर तड़पता रहा। हैरानी की बात यह रही कि न तो 108 एंबुलेंस सेवा समय पर पहुंची और न ही 112 आपात सेवा। समय पर उपचार न मिलने के कारण युवक की मौत हो गई। इस घटना ने पूरे जिले में आक्रोश और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है

### जागरूकता बनाम जमीनी कार्रवाई

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब निगरानी कमजोर हो, नियमों का सख्ती से पालन न कराया जाए और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो, तब जागरूकता अभियान केवल कागजी साबित होते हैं। लोगों की मांग है कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए हाईवे पर सख्त चेकिंग, ओवरलोडिंग पर तत्काल कार्रवाई, तस्करी नेटवर्क पर कठोर प्रहार और आपात सेवाओं की जवाबदेही तय की जाए।

### नीतियों और अमल के बीच बड़ा अंतर

जिले में सड़क सुरक्षा अभियानों की कमान पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में होने की बात कही जाती है, लेकिन मौजूदा हालात यह संकेत दे रहे हैं कि नीतियों और अमल के बीच बड़ा अंतर है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इन गंभीर आरोपों और घटनाओं के बाद क्या ठोस कदम उठाता है, या फिर यातायात जागरूकता के दावे केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएंगे।



## तेंदुए के शिकारी वन विभाग की गिरफ्त में

**अनूपपुर, नवभारत 10 जनवरी।** वन परिक्षेत्र जैतहरी अंतर्गत एक तेंदुए के मृत पाए जाने की सूचना पर वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार शिकारियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया। मुख्य वन संरक्षक के निर्देशन एवं वनमंडलाधिकारी अनूपपुर तथा उपवनमंडलाधिकारी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी द्वारा एक विशेष टीम गठित कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान डॉग स्क्वाड शहडोल की सहायता से संदिग्धों को वन विश्राम गृह जैतहरी लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी सूरज भारिया, नोहर कोल, सुखलाल भैना एवं हीरालाल कोल ने अपराध स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि वे जंगली सूअर के शिकार के लिए तार लगाए हुए थे, जिसमें तेंदुआ फंस गया। डर के कारण उन्होंने तेंदुए के शव को घसीटकर वन विभाग द्वारा खोदी गई खाई में फेंक दिया तथा प्रयुक्त तार, बांस की खूंटी व अन्य सामग्री को नदी के दूसरे पार जंगल में छिपा दी।

### वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

वन विभाग की टीम आरोपियों को साथ लेकर घटनास्थल एवं सामग्री छिपाने के स्थान पर पहुंची, जहां से साक्ष्य जब्त कर मौका पंचनामा तैयार किया गया। विवेचना उपरांत आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध के अंतर्गत वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

# सम्मेद शिखर तीर्थ यात्रा के लिए निकले युवा

**▸ माता-पिता के चरण छूकर लिया आशीर्वाद**

**कोतमा नवभारत 10 जनवरी।** झारखंड स्थित जैन धर्म के सर्वोच्च तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर की दुर्गम और पवित्र यात्रा के लिए कोतमा के युवा शैलेश जैन, राहुल जैन, निक्की जैन ने अपने घर से प्रस्थान किया। इस धार्मिक संकल्प को पूरा करने के लिए निकले युवा ने यात्रा शुरू करने से पहले अपने माता-पिता के चरण छूकर उनका आशीर्वाद लिया, जिसने माहौल को भावुक और भक्तिमय बना दिया। यात्रा पर जाने से पहले युवाओं के घर पर सभी मिलने पहुंचे, जिसमें उनके परिवारजन और मित्र उपस्थित रहे। इस दौरान, उनके मित्रों ने उन्हें श्रीफल भेंट किया। मित्रों ने उनसे विशेष रूप से यह निवेदन किया कि वे सम्मेद शिखर पर स्थित भगवान पार्श्वनाथ के चरणों में सभी मित्रों की ओर से अर्जी जरूर लगाएं।



### यह यात्रा सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है

युवाओं के इस कदम को धार्मिक आस्था और समर्पण का प्रतीक माना जा रहा है। उनकी यह तीर्थ यात्रा न सिर्फ उनके लिए, बल्कि उनके पूरे परिवार और मित्र समूह के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। तीर्थयात्रा के लिए रवाना होते समय युवाओं ने सभी से आशीर्वाद लिया और कहा कि वे पूरे उत्साह और भक्ति के साथ यह यात्रा पूरी करेंगे।

## जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का किया गया गठन

**अनूपपुर, नवभारत।** कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों के प्रसार तथा किसानों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में कृषि रथ यात्रा 2025-26 के सफल आयोजन हेतु जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हर्षल पंचोली द्वारा यह आदेश मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार 9 जनवरी को जारी किया गया। कृषि रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन सहित कृषि से जुड़े विभिन्न विषयों पर किसानों को आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक, नवीन अनुसंधान तथा शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है।

# अधिवक्ताओं की समयबद्ध कार्यशैली प्रशंसनीय : न्यायाधीश

**कोतमा कोर्ट परिसर में कैंटीन का शुभारंभ, अधिवक्ताओं व कर्मचारियों को मिली बड़ी सुविधा**

**कोतमा नवभारत 10 जनवरी।** शनिवार को कोतमा न्यायालय परिसर में कैंटीन का विधिवत शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल के करकमलों द्वारा किया गया। कैंटीन के शुभारंभ से न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं, न्यायालयीन कर्मचारियों एवं आगंतुकों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। लंबे समय से चली आ रही मांग के पूर्ण होने से सभी ने राहत की सांस ली। कैंटीन में नाश्ता, भोजन, स्नैक्स सहित पेय पदार्थों की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे न्यायालय परिसर में उपस्थित लोगों को अब सुविधाजनक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध हो सकेगा।



### स्वच्छ एवं किफायती भोजन उपलब्ध हो सकेगा

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल ने कहा कि न्यायालय परिसर में कैंटीन का शुभारंभ एक सराहनीय पहल है। इससे अधिवक्ता, कर्मचारी एवं पक्षकारों को परिसर में ही सुविधाजनक, स्वच्छ एवं किफायती भोजन उपलब्ध हो सकेगा।

उन्होंने कोतमा के अधिवक्ताओं की समयबद्ध कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी अधिवक्ता समय पर न्यायालय पहुंचते हैं, जिससे कार्य कम समय में पूर्ण हो पाता है। साथ ही रिकॉर्ड रूम, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य लंबित मांगों को पूरा करने के लिए प्रयास किए जाने की बात भी कही।


### इनकी रही उपस्थिति

न्यायाधीश विक्रम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ एवं एजीपी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कैंटीन की सुविधा को न्यायालय के लिए आवश्यक बताया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश अरविंद बारला, अमनदीप सिंह छाबड़ा, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश सोनी, एजीपी संतोष सोनी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं न्यायालयीन स्टाफ उपस्थित रहा। संचालन एडीजे गंगाचरण दुबे ने किया।

# सभी को साथ लेकर चलने से होगा विकास : सांसद

**हिमाद्री सिंह ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण**

**अनूपपुर, नवभारत 10 जनवरी।** जिले के जैतहरी नगर परिषद में शनिवार को विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनूपपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री बिसाहु लाल सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सुदामा सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता, प्रकाश जगवानी, नगर परिषद अध्यक्ष उमंग गुप्ता, नगर पालिका पसान अध्यक्ष राम अवध सिंह, डूमर कछार नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार चौरसिया मंचासीन रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि नगर परिषद अध्यक्ष उमंग गुप्ता द्वारा जैतहरी नगर के विकास के लिए किए गए कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने समाज को एक सूत्र में पिरोने वाली सोच की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि सभी समाज को साथ लेकर चला जाए तो देश का विकास निश्चित है।

### नप अध्यक्ष ने विकास को गति दी : सिंह

विधायक बिसाहु लाल सिंह ने कहा कि नगर परिषद अध्यक्ष उमंग गुप्ता ने अपने तीन वर्षों के कार्यकाल में नगर विकास को नई गति दी है। उन्होंने अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि परिषद ने 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र पर ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जो शहडोल संभाग में कहीं और देखने को नहीं मिलते।

### एक सेवक की भावना से कार्य किया : गुप्ता

नगर परिषद अध्यक्ष उमंग गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने सदैव एक सेवक की भावना से कार्य किया है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट क्लास कोचिंग, गौरव पथ, अध्यात्म पथ तथा सभी धर्मों की प्रतिमाओं की स्थापना कर सभी समाजों का सम्मान किया गया है। नगर की प्रगति निरंतर जारी रहेगी और आगे भी सभी के सहयोग से विकास कार्य होते रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष उमंग गुप्ता को सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।

## निर्धारित दरों पर सेवा प्रदान की जाए : सीईओ


अनूपपुर, नवभारत 10 जनवरी। जिले की ग्राम पंचायतों में अटल ई-सेवा केंद्र (कॉमन सर्विस सेंटर) की संचालन व्यवस्था को लेकर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने वीएलई (विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर) की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जनपद जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.के. रैकवार, ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक विकास सिंह सहित जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के वीएलई उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने कहा कि अटल ई-सेवा केंद्रों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएं सरलता से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन को शासन द्वारा निर्धारित दरों पर ही सेवाएं प्रदान की जाएं तथा किसी भी प्रकार की अतिरिक्त वसूली न की जाए।

# गंदे और बदबूदार पानी पर नहीं की गई चर्चा

**▸ जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दूषित पानी को लेकर पूर्व नपा उपाध्यक्ष का तीखा हमला**

**अनूपपुर, नवभारत 10 जनवरी।** शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति अनूपपुर की महत्वपूर्ण बैठक उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आश्चर्यजनक रूप से जिला अस्पताल अनूपपुर से निकलने वाले गंदे, बदबूदार एवं केमिकल युक्त पानी के गंभीर मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं की गई। पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं कांग्रेसी नेता जिवेन्द्र सिंह ने इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि जिला अस्पताल का दूषित पानी सीधे तिपान नदी में छोड़ा जा रहा है, जबकि उसी नदी का पानी नगर पालिका अनूपपुर द्वारा पेयजल के रूप में नगरीय क्षेत्र में सप्लाई किया जा रहा है।



### जल प्रदूषण को नजरअंदाज क्यों किया गया

जिवेन्द्र सिंह ने सवाल उठाया कि जब स्वास्थ्य समिति की बैठक में जनस्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए थी, तब इस गंभीर जल प्रदूषण को नजरअंदाज क्यों किया गया। उन्होंने जिला प्रशासन और नगरपालिका परिषद अनूपपुर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय परिसर में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना तत्काल की जानी चाहिए, ताकि प्रदूषित पानी को नदी में मिलने से रोका जा सके।

### नाली का पानी नदी में जाने का वीडियो किया साझा

पूर्व नपा उपाध्यक्ष ने कटाक्ष करते हुए पूछा क्या इस तरह का प्रदूषित पानी सप्लाई करना जनहित में है? अपने सोशल हैंडल पर साझा किए गए वीडियो और तस्वीरों के माध्यम से जिवेन्द्र सिंह ने जनता से अपील की कि वे देखें, कैसे नाली का पानी नदी में मिलकर उनके घरों तक पहुंचाया जा रहा है।

## ग्राम पंचायतों को स्वावलंबी बनाने पर जोर

**अनूपपुर, नवभारत 10 जनवरी।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने जिला पंचायत सभागार में जिलेभर के सरपंचों के साथ संवाद कर ग्राम पंचायतों की आय के स्रोत बढ़ाने और उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। यह बैठक जनपद अनूपपुर, जैतहरी, कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ के सरपंचों के साथ अलग-अलग सत्रों में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सीईओ ने बताया कि ग्राम पंचायतें संपत्ति कर, स्वच्छता कर एवं जलकर के माध्यम से अपनी आय में वृद्धि कर सकती हैं। कर वसूली के लिए स्व-सहायता समूहों की सेवाएं अनुबंध पर लेने की भी बात कही गई। उन्होंने सरपंचों से अपनी-अपनी पंचायतों में आय बढ़ाने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर क्वालिटी काउंसलिंग ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) द्वारा विकसित सरपंच संवाद मोबाइल एप सरपंचों के मोबाइल में डाउनलोड कराया गया।




# स्वास्थ्य सेवाओं में परिणाम दिखाएं : शुक्ल

**▸ उप मुख्यमंत्री ने सिकल सेल, टीबी, मातृ-शिशु स्वास्थ्य की समीक्षा की**

**अनूपपुर, नवभारत 10 जनवरी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी एवं सतत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा सभी अधिकारी टीम भावना से कार्य कर परिणामोन्मुखी कार्य करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में स्वास्थ्य विभाग सर्वोपरि है। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और समन्वित प्रयासों से आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### 30 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 30 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। श्री शुक्ल ने टेलीमेडिसिन सुविधा को निचले स्तर तक पहुंचाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिक भी विशेषज्ञ सेवाओं से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने सिकल सेल, क्षय रोग, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रभावी प्रयासों की आवश्यकता बताई। स्वास्थ्य पैरामीटर पर जिला प्रशासन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए शेष लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति पर बल दिया।



## कुसुम तिवारी का निधन

**अनूपपुर, नवभारत।** चोलना निवासी कीर्ति क्रांति के प्रतिनिधि एवं राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के सक्रिय सदस्य अजीत तिवारी की माता कुसुम तिवारी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन से तिवारी परिवार सहित संपूर्ण पत्रकार जगत में शोक की लहर व्याप्त है। उनकी अंतिम यात्रा 11 जनवरी को उनके निज निवास चोलना से मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। इस दु:खद समाचार के उपरांत जिले एवं संभाग के पत्रकारों, सामाजिकजनों तथा राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।


## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोतमा, जिला अनूपपुर (म.प्र.)

**इश्तहार**

**पीठासीन अधिकारी-अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

क्रमांक : 20 /प्रवा./2026 — कोतमा, दिनांक :- 09/01/2026

अनूपपुर थर्मल एनर्जी (एम.पी.) प्राईवेट लिमिटेड ............आवेदक
बनाम
म.प्र. शासन ..............अनावेदक

जरिये इस्तहार सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि, अनूपपुर थर्मल एनर्जी (एम.पी.) प्राईवेट लिमिटेड द्वारा निम्नलिखित अनुसूची में वर्णित शासकीय भूमियों पर एनीकट का निर्माण किये जाने हेतु आवेदित शासकीय भूमियो को नजूल निर्वर्तन अधिनियम 2020 के प्रावधानों के अंतर्गत आवंटन / हस्तांतरण चाहा गया है।

**-: अनुसूची:-**

| क्रं. | ग्राम का नाम | खसरा नं. | कुल रकवा (हे.) | आवंटन/हस्तांतरण हेतु चाहा गया रकवा (हे.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | छतई | 346 | 9.893 | 0.191 एवं 0.1326 |
| | | 469/1 | 3.832 | 0.093 |
| 2. | पचखुरा | 223 | 4.332 | 0.0753 |
| | | 224 | 5.702 | 0.240 एवं 0.118 |
| | | 225/1 | 27.923 | 0.314 |
| 3. | गुलिडांड़ | 748 | 3.177 | 0.267 |
| | | 766/2 | 4.046 | 0.102 |
| 4. | सारंगगढ़ | 420 | 3.343 | 0.294 |
| | | 421/1 | 0.761 | 0.263 |
| 5. | छुलहा | 389 | 2.501 | 0.021 |
| 6. | भाटाडांड़ | 246 | 11.262 | 0.324 |
| 7. | पथरोड़ी | 125 | 6.681 | 0.578 |
| | | 2187 | 10.109 | 0.393 |
| 8. | मैनटोला | 1 | 19.470 | 0.368 |
| | | 152/1 | 6.596 | 0.820 |
| 9. | कटकोना | 447 | 14.989 | 0.287 |
| | | Z54 | | 0.367 |
| 10. | चंगेरी | 1436 | 3.157 | 0.011 |
| | | 1438 | 1.732 | 0.107 |
| 11. | पयारी | 1 | 7.835 | 0.615 |
| | | 18/1 | 19.444 | 0.768 |
| 12. | बरबसपुर | 1 | 3.998 | 0.271 |
| | | 3 | 15.123 | 0.581 |

अतएव उक्त वर्णित भूमियो के आवंटन/हस्तांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह अपना लिखित आपत्ति इस्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष पेश कर सकते है, म्याद समाप्ति उपरान्त किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

इस्तहार आज दिनांक 9/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**अनुभाग कोतमा जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**